RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस ग्रीन सभागार में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीमद्‌भागवत कथा के दशवें स्कन्ध का वाचन करते हुए आचार्यश्री वेदानंदजी शास्त्री 'आनंद' ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण हर व्यक्ति को सुख की अनुभूति कराता है।



# 'सुखी जीवन जीने के लिए साधु नहीं, सीधा बनने की जरूरत है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर संघ मामुलपेट के तत्वावधान में राजेन्द्र भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि मन में आने वाले विचार की आयु सिर्फ एक पल की होती है। किन्तु इससे होने वाले प्रभाव को हम अनंत समय तक महसूस करते हैं। क्या कभी ऐसा हुआ है कि,रात अकेले लेट कर अपनी जिंदगी के बारे में सोच रहे हो और रोना आ गया हो..!! शायद इसीलिए एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों बार ठोकर खाने के बाद ही होता है, क्योंकि एक सुखी जीवन जीने के लिए इंसान को साधु बनने की नहीं सीधा बनने की जरूरत है। साध्वी शीतलगुणाश्रीजी ने कहा कि सहारे की आदत नहीं है हर किसी को, मैं हूँ,ना बस ये आवाज़ चाहिए थी बुरे वक्त में। नेमीचंद वेदमुथा ने बताया कि बियासणा लाभार्थी नारंगीदेवी चंपालाल, जयंतीलाल कंकुचोपडा परिवार का सिमंधर स्वामी राजेंद्र सूरी ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया। आरती का लाभ कांतिलाल कंकुचोपडा परिवार ने लिया। मेघराज भंसाली, मांगीलाल वेदमुथा, नेमीचंद वेदमुथा, जयंतीलाल कंकुचोपडा, कांतिलाल कंकुचोपडा, तिलोकचंद भंडारी, धीरज भंडारी सहित अनेक ट्रस्टी उपस्थित थे। 6 अगस्त से नवग्रह शांति अनुष्ठान आराधना प्रारंभ होगा।

# हमारे जीवन के डायरेक्टर होते हैं हमारे कर्म : साध्वी तत्वत्रयाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के महालक्ष्मी लेआउट स्थित चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी ने कहा कि ऐसी कोई जाति नहीं है, ऐसी कोई योनी नहीं है, ऐसा कोई स्थान नहीं है और ऐसा कोई कुल नहीं है कि जहाँ सभी जीव अनंत बार जन्मे नहीं हो और मरे नहीं हो। संसार एक रंगमंच है, उसके ऊपर जीव सदैव अभिनय करते रहते हैं । कर्म होते हैं डायरेक्टर-दिगदर्शक। कर्म जिस प्रकार नचाए हम उसी प्रकार नाचते रहते हैं। हम सभी अनन्त काल से अभिनय कर रहे हैं। इस संसार परिभ्रमण से मन उद्विग्न होना चाहिए। संसार परिभ्रमण के मुख्य हेतु है विषय और कषाय। विषय कषायों को प्रतिक्षण शत्रु समझें, मित्र नहीं । विषय कषायों का साथ नहीं ले, सहारा नहीं ले। सहारा लें मात्र देव, गुरु और धर्म का । तभी संसार परिभ्रमण का अंत आ सकता है। संसार की भयानकता का संवेदन होना चाहिए। संसार का इस प्रकार से चिंतन करते रहना है। संसार की निःसारता, असारता, क्षणिकता का पुनः पुनः, बार-बार चिंतन करते हुए जब संसार के प्रति वैराग्य जगता है, विरक्ति आ जाती है, तब जिनवचन ही जीवों को आंतरिक शान्ति देते हैं। संसार-परिभ्रमण के भय को मिटाते हैं।

जिनवचनों के सहारे ही जीव, संसार के दुःखों से बचने का आश्वासन पाता है, विश्वास पाता है । वैसे संसार की हिंसादि पापों की आसक्ति भी जिनवचनों से ही टूटती है। मोहासक्त और पापासक्त जीवों को भाग्यवश जिनवचन सुनने मिल जाते हैं, तो वे जीव मोहरहित, पापरहित बन जाते हैं । यह जानकारी जयंतीलाल श्री श्रीमाल ने दी

# 'मानवीय संवेदना की अभिव्यक्ति का माध्यम है आंसू'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के राजस्थान जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ जयनगर के तत्वावधान में चातुर्मास विराजित साध्वीश्री संस्कारनिधिश्रीजी ने 'आंसू बहे पाप धुले' इस विषय पर कहा कि मानवीय संवेदना की अभिव्यक्ति का माध्यम है आंसू। आंसू चार प्रकार के होते हैं स्व दुख के आंसू कायरता क, पर दुख के आंसू कोमलता के, स्व दोष के आंसू कर्तव्य बोध के और पर दोष के आंसू करुणा के प्रतीक है। चंदनबाला के आंसुओं ने उसे परमात्मा महावीर की कृपा प्राप्त करवाई और 36000 साध्वीयों में प्रथम स्थान दिलवाया। मरूदेवी माता, गौतम स्वामी के आंसुओं ने उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति करा दी प्रभु से प्रार्थना करें कि कायर बनकर स्वयं के दुख में तो आज तक अनेको बार रोए, अब दूसरों के दुख में आंसू आ जाए।



# मजबूत मन व दृढ़ संकल्प वाला कर सकता है तप : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

राणीबेन्नूर/दक्षिण भारत। शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि अपने मन को पहचानने की कोशिश हर इंसान करता है। दुनिया में जहाँ सारी ताकतें हार मान लेती है, सारे संसाधन खत्म हो जाते हैं, वहाँ पर एक चीज सामने निकलकर आती है और अपनी शक्ति का एहसास इन्सान को कराती है और उस शक्ति की वजह से इन्सान बड़े से बड़े चट्टान को पिघला सकता है। वो शक्ति है मन की शक्ति। यही अगर आपने मन से काम कराना न सीखा तो यही मन बर्बादी का कारण भी बन जाता है। मन से अगर आदमी ने काम कराना शुरू कर दिया तो दुनिया में कोई भी उसको हरा नहीं सकता। तप धर्म की साधना में जुड़ने की प्रेरणा के लिए आचार्यश्री ने कहा कि तप वह आग है जिसमें जन्म-जन्म के संचित पाप जलकर भष्म हो पाते है। तपी तप की प्रयोगशाला में अपनी आत्मा को कुंदन की तरह निखार लेता है। परन्तु तप वही कर सकता है जो मजबूत मन का ही -दृढ संकल्प का हो ।






# 'भगवान श्रीकृष्ण की हर एक लीला में छुपी है एक शिक्षा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस ग्रीन सभागार में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीमदभागवत कथा के दशवें स्कन्ध का वाचन करते हुए आचार्यश्री वेदानंदजी शास्त्री 'आनंद' ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण हर व्यक्ति को सुख की अनुभूति कराता है। भागवत साक्षात रूप में भगवान का ही स्वरुप है। जहां भागवत होती है वहीं वृंदावन धाम बन जाता है। श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं मिलती और भक्ति के बिना भगवान का मिलना असंभव है। भगवान जब भी खुश होते है तो जीव के दुर्गुण को हर लेते हैं। भगवान का हृदय बहुत विशाल होता है, जब जब भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान को बुलाता है तब तब भगवान स्वयं अपने भक्त के बुलावे पर दौड़े चले आते हैं। कथा वाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने हर लीला के माध्यम से कुछ न कुछ शिक्षा व ज्ञान देने की कोशिश की है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के वस्त्र हरण कर मनुष्य को स्नान के महत्त्व के बारे में बताया। गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर इन्द्रदेव के घमंड़ का नाश किया। वास्तव में जो धरती की रक्षा करता है वहीं गोविंद कहलाता है। भगवान श्रीकृष्ण के एक नाम दामोदर की व्याख्या करते हुए कहा कि दाम का अर्थ होता है रस्सी और उदर का अर्थ होता है पेट। जब मां जसोदा से भगवान श्रीकृष्ण को रस्सी से अपने पेट से बांध लिया था तब भगवान दामोदर कहलाए। कथा से पहले कथा वाचक श्री वेदानंदजी शास्त्री ने भागवत पोथी की पूजा की तथा उसके बाद आयोजक में निशु कमल, आशुतोष कुमार, सुनील यादव, उदयकुमार, अमितसिंह, पंडित राजगुरु, प्रियंका झा सहित डॉ जयदेव आदि ने व्यासपीठ की पूजा की। कथा के दूसरे दिन राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया ने भी वेदानंद शास्त्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जीया दिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। कथा श्रवण में बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु शामिल हुए।


कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद लहर सिंह सिरोया।


शनिवार को बेंगलूरु में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री धरमसिंह की धर्मपत्नी प्रभावती ने आचार्यश्री सुधांशुजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 'भगवान का गीत है गीता'

## आज होगा गुरु मंत्र दीक्षा संस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। विश्व जागृति मिशन के बेंगलूरु मण्डल के द्वारा आयोजित चार दिवसीय विराट भक्ति सत्संग महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को मिशन के संस्थापक सुधांशुजी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का गीत ही गीता है। सम्पूर्ण विश्व में सबसे ज्यादा पसन्द किया जानेवाला ग्रंथ श्रीमद्भगवतगीता है। कर्तव्य की दीक्षा, सन्तुलन बनाने की शिक्षा, अमृतमय ज्ञान का भोजन तथा शरणागति की विधि हमें गीता से प्राप्त होती है। सम्पूर्ण संसार के हित के लिए करुणा करके भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का सन्देश अर्जुन को दिया। वेद पुराण, उपनिषद, नीति ग्रंथ, रामायण, गीता एवं महाभारत में धर्ममय जीवन की व्याख्या है। गीता के प्रथम अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि जीवन में अगर कभी दुःख, पीड़ा एवं निराशा आ जाए तो उसे भी अपनी ताकत बनाकर सफलता का मार्ग बनाओ।

सुधांशुजी महाराज ने कहा कि जीवन में धर्म को महत्व दो। सोर्स से जुड़कर परमात्मा से जुड़कर जीवन को बिताओ। उस परमात्मा से जुड़कर प्रत्येक कर्म को दिव्य बनाओ। आनंद,सुकुन, शांति की प्राप्ति सोर्स से ही होगी। अगर वहां जुड़ते हो तो सभी कार्य निविघ्न और बेहरतीन होंगे। कमाने के लिए इतना भी अधीर और बैचेन मत हो कि आप अपने आस पास, संबंधी आदि के साथ संबंधों को खराब कर लो। हमेशा मीठा बोले। ऐसा बोले कि लोग आपसे बात कर प्रसन्न हों। गीता में नरक के तीन द्वार बताए गए हैं। काम, क्रोध और लोभ। इनको इतना अपने आप पर हावी न होने दें कि वह आपका जीवन ही नष्ट कर दें। इनसे संतुलन बनाकर चलने की जिम्मेदारी स्वयं की है। काम और क्रोध का तो अंत है लेकिन लालच का अंत नहीं है। अत: तीनों पर संतुलन जरूरी है। समझाते हुए सुधांशुजी ने कहा कि मंत्र जाप करते हुए भोजन बनाकर उसे प्रसाद बनाएं, अमृत बनाएं और अपने कर्म को पूरी निष्ठा से करें। आपका हर कृत्य आपका हस्ताक्षर बन जाए। अपना कर्म इतनी कुशलता से करें कि वह आपकी पहचान बन जाए। सन्तुलन बनाकर जीने वाला व्यक्ति स्रोत से जुड़ा है। कर्म, वाणी एवं मन में सन्तुलन बनाना सीखें। जीवन के अन्तिम भाग तक कर्मशील रहें। लोग पूरी जिन्दगी तैयारी करते हैं आनन्द मनाने की लेकिन वह अवसर कभी आता ही नहीं इसलिए हर दिन का आनन्द मनाते हुए जीवन बिताएं। बेंगलूरु मण्डल के प्रधान के.के. टांटिया ने समस्त बेंगलूरु वासियों से आह्वान किया कि रविवार का एक ही सत्र और शेष हैं इसलिए भारी संख्या में उपस्थित होकर इस अमृतवर्षा का लाभ लें। ज्ञातव्य हो कि रविवार को प्रातःकाल सत्संग के तुरन्त बाद गुरु दीक्षा का भी आयोजन किया गया है इस सत्र के साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा।



## तप संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


बेंगलूरु के तेरापंथ सभा भवन गांधी नगर में विराजित मुनिश्री हिमांशुकुमार जी के श्रीमुख से महिला मंडल यशवंतपुर की सहमंत्री प्रीति गादिया ने मासखमण तपस्या के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। इस उपलक्ष्य में तेरापंथी सभा भवन यशवन्तपुर में सायंकालीन आयोजित धम्मजागरण में विजय स्वर संगम ने भजनों की प्रस्तुति दी।यशवंतपुर सभा अध्यक्ष गौतमचंद मुथा, मंत्री महावीर ओस्तवाल, गांधीनगर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, महिला मंडल अध्यक्षा मीना दक, मंत्री लाडली मुथा, अभातेयुप से विनोद मुथा, तेयुप अध्यक्ष जिगर मारू, मंत्री महावीर गन्ना आदि ने तपस्वी के तप की अनुमोदना की।



# 'जीतो' महिलाओं द्वारा फेशियल ब्लिस-जुंबा रीमिक्स का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु नार्थ चैप्टर महिला विंग द्वारा जेपीएफ के अंतर्गत शरीर, मन एवं चेहरे को स्वस्थ्य रखने वाले कार्यक्रम फेशियल ब्लिस-जुंबा रीमिक्स का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला प्रतिभागियों को फेस योगा एवं जुंबा द्वारा चेहरे को चमकदार रखने, मानसिक तनाव कम करने, आंखो के नीचे के धब्बों को मिटाने, चेहरे को युवा लुक देने, शरीर से नित्य 500 कैलोरी जलाने, ब्लड प्रेशर कम करने, हड्डियों को मजबूत करने आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र में जुंबा प्रशिक्षक अनुष्का ने शरीर को स्वस्थ रखने हेतु कई तरह के ज़ुंबा वर्कआउट करवाये। दूसरे सत्र में फ़ेस योगा विशेषज्ञ मीनाक्षी ने तनाव कम करने व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु योग चेहरे की क्रियायें बतायी। जीतो नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार शनिवार से जीतो अपेक्स द्वारा घोषित अमृतकाल महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर महिला सशक्तिकरण के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम जैसे पौधारोपण कार्य प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए वृक्षारोपण विषय संबंधित स्वरचित कविता एवं बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता संयोजिका लक्ष्मी बाफ़ना एवं सह-संयोजिका नीता गादिया के निर्देशन में रखी जिसमें प्राप्त प्रविष्टियों में कविता लेखन में शशि जैन एवं चित्रकला में पलक गादिया को विजेता घोषित कर पुरस्कृत किया गया एवं सभी शामिल प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया।

दोनों प्रशिक्षकों का परिचय एवं संयुक्त संचालन संयोजिका साधना धोका एवं सह-संयोजिका स्वीटी नाहर ने किया। इस मौके पर अपेक्स हेल्थ एंड न्यूट्रीशियन संयोजिका नीशा सामर, सहमंत्री पिंकी मेहता, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया, कार्यसमिति सदस्य मीना बडेरा, संगीता बेताला, सूर्यकला सियाल, रक्षा छाजेड, सुष्मिता सेठिया, तनुजा मेहता आदि सदस्याएं उपस्थित थीं। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।

## पुरस्कार सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


रामनगर चन्नपटना के मध्य में स्थित बालगंगाधरनाथ स्वामीजी के अंधारा भवन में कस्तूरी कर्नाटक जनपदा वेदिके द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वालों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मारुति मेडिकल विजयनगर के प्रमुख महेन्द्र मुणोत को समाजसेवा व गौसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए 'नाडिना रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर वेदिके के प्रदेश अध्यक्ष रमेश गौड़ा आदि पदाधिकारी ने मुणोत को सम्मानित किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com